**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

WWW.INDIANEXPRESS.COM
**THE INDIAN EXPRESS,** WEDNESDAY, OCTOBER 5, 2022 ----------DATED----------

# Stuck between Delhi govt and DDA, a project to revive 500 lakes in capital

**ABHINAYA HARIGOVIND**
NEW DELHI, OCTOBER 4

THE DELHI government's 'City of Lakes' project is in jeopardy after it has had to "return" to the Delhi Development Authority (DDA) water bodies that it was meant to work on and rejuvenate.

Officials in the Delhi Jal Board said that more than 500 water bodies have been "returned" to the DDA. The DDA had granted no-objection certificates to DJB for work on these water bodies.

"A majority of the water bodies in Delhi are owned by the DDA and these have been sent back to them. The departments in the DDA and the DJB are both engineering departments and the DDA's question was why they should not do this (rejuvenation of water bodies) themselves," said a DJB official who is associated with the project. The official added that the process of returning these water bodies began around a month ago, and was underway even on Monday, when seven were returned.



At Bhalswa lake, one of the lakes being 'returned' to the DDA

A DDA official associated with water bodies said, "We had issued NOCs on the request of the DJB. But they have now returned it. They have written letters now saying that these are being returned. These are policy decisions that have been made."

On many of the water bodies that are now being returned, work has not begun. "On a majority of water bodies that are being returned, work has not happened. Tenders were invited but not awarded. Now, on these, DJB will not work," the official said.

For around 150 of these water bodies, the DJB had issued tenders but these had not yet been awarded. Among the prominent ones that have been returned are the Satpula lake, Tihar lake, Bhalswa lake, Tikri Khurd lake and a lake in Rani Khera. At the Satpula lake, no significant work had begun on the field since tenders were called multiple times and were not awarded. For Tihar Lake as well, tenders were invited.

Work by the DJB has been completed on 35 water bodies and was underway in seven.

"There were two main components to the work that was to be done on these water bodies. One was to ensure clean water supply in the water body and the second was to clean up the place and ensure a good ambience. The DJB was initially planning on doing all the work, including the landscaping, by itself. Now, all of the work will have to be taken up by the DDA," the official said.

"The work that falls under the DJB's ambit, which is to lay an intercepting drain near the Bhalswa lake, will be done by the DJB. But the overall work, which is work like cleaning of the pond and landscaping, will now have to be done by the DDA," he explained.

"The DJB will maintain the water bodies on which work has already been completed. We have sent a memorandum of understanding to the DDA in this regard for approval," the official said.

According to the DDC website, the Delhi government aimed to revive 500 lakes. In the first phase, 250 water bodies and 15 lakes were identified for rejuvenation.

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 5 अक्टूबर 2022

# कृत्रिम तालाब तैयार, आज होगा विसर्जन

## डीजेबी के वाइस चेयरमैन सौरभ भारद्वाज ने कृत्रिम घाटों का निरीक्षण किया

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

दुर्गा पूजा का समापन पांच अक्टूबर को दशहरे के साथ हो जाएगा। दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाब पूरी दिल्ली में तैयार किए गए हैं। सीआर पार्क और ग्रेटर कैलाश-2 में अधिकांश दुर्गा पूजा के आयोजन को देखते हुए यहां उसी अनुरूप व्यवस्था की गई है। मंगलवार को दिल्ली जल बोर्ड के वाइस चेयरमैन सौरभ भारद्वाज ने सीआर पार्क, ग्रेटर कैलाश आदि में बने पार्कों का निरीक्षण किया। उनके अनुसार यमुना में विसर्जन न हो, इसलिए यह पूरी तैयारी की जा रही है। यमुना में विसर्जन करने पर समितियों पर लाखों के जुर्माने का प्रावधान है।



सौरभ सीआर पार्क में बने कृत्रिम तालबों पर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि यमुना में प्रतिमाओं के विसर्जन नहीं होने चाहिए। पूजा स्थलों के आसपास ही कृत्रिम तालाब इसी वजह से बनाए हैं। उन्होंने बताया कि डीडीए ने भी इस काम में साथ दिया है और नेहरू प्लेस के पास आस्था कुंज में कृत्रिम तालाब बनाया है। यहां पर मूर्तियों का विसर्जन हो सकेगा। पिछले साल यहां तालाब न बनने की वजह से लोगों को परेशानी हुई थी। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा पंडालों के पास पांच कृत्रिम तालाब बनाए गए हैं। वहीं आस्था कुंज में काफी बड़ा कृत्रिम तालाब बनाया गया है, ताकि बड़ी प्रतिमाओं का वहां विसर्जन हो सके। आस्था कुंज के तालाब में करीब 15 से 20 पानी के टैंकर से पानी भर दिया गया है। यहां विसर्जन के लिए अलग अलग टाइम स्लॉट भी दिए गए हैं। इसके अलावा बी ब्लॉक, डी-ब्लॉक, कार्पोरेटिव ग्राउंड, मेला ग्राउंड सीआर पार्क और ई-ब्लॉक ग्रेटर कैलाश-टू में पांच कृत्रिम तलाब बनवाए गए हैं। वहीं, सभी जिला प्रशासन ने भी दुर्गा पूजा के अनुरूप अपने यहां कृत्रिम तालाब बनवाए हैं। पश्चिमी दिल्ली में इस तरह के 19 तालाब बनवाए गए हैं।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NE... Hindustan Times | NEW DELHI THURSDAY OCTOBER 06, 2022

# Local sewage treatment projects to clean Yamuna

**Paras Singh**
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** The Delhi government on Wednesday cleared projects planned at a cost of ₹570 crore to reduce pollution in the Yamuna with a focus on developing decentralised sewage treatment plants (DSTPs) in rural and unauthorised areas of the city that are currently not covered by the sewage network.

These projects include the construction of DSTPs in several areas of the Bawana and Mundka belt along with the laying of sewer lines in the unauthorised colonies and rural areas of the outer Delhi region.

Deputy chief minister Manish Sisodia, who is also the Delhi Jal Board (DJB) chairman, said the water utility is working in a phased manner to upgrade the sewage system in the Capital to ensure that no untreated effluents are released into the Yamuna.

"We have decided to set up DSTPs in unauthorised colonies and residential areas. While it is not easy to lay pipelines all over the place for large STPs, it is possible to construct low capacity DSTPs at a low cost. The construction will use space sparingly and these plants will be aesthetically good," he added.

Under the projects approved on Wednesday, the water utility will carry out construction of DSTPs, with a cumulative capacity of 26MLD (million litres per day), and waste water pumping stations in colonies such as Nizampur, Ghevra, Kanjhawala, and Mohammadpur Manjri under Mundka assembly constituency.

The DJB will spend ₹427.6 crore on constructing DSTPs and laying sewer lines in these rural areas, while ₹132.6 crore will be spent on similar facilities and sewage network in nine villages and 24 unauthorised colonies in Bawana region.

Currently, untreated sewage from these areas is released into the Yamuna.

These plants will be run on IFAS technology (integrated fixed film activated sludge) which involves adding an attached growth media to an activated sludge tank to facilitate biomass growth and strengthen the treatment process, the DJB official explained.

According to the 2022 economic survey, Delhi has an installed capacity to treat around 597MGD (million gallons per day) of sewage. The government has said STPs with a total capacity of 239MGD will be added to the sewage treatment infrastructure by June 2023.

The Sewage Treatment Augmentation Action Plan for 2041 proposes 56 DSTPs with a cumulative capacity of 95MGD while another 240MGD capacity is expected to be added via such decentralised units in land pooling areas.

A senior DJB official working on the project said DSTPs lead to big cost saving. "In some cases, the cost saving related to transportation infrastructure for effluents is around 80%. Moreover, since the water in these DSTPs is treated near the source, the treated wastewater can be used locally for horticulture purposes, irrigation and rejuvenation of water bodies," the official said, asking not to be named.

The water utility has been pushing for DSTPs since 2019 at least, but non-availability of land was hindering the projects.

A DJB official said currently, the board has a proposal to construct 41 such treatment units but land is available only at 28 sites. "We are pursuing land owning agencies such as the Delhi development Authority and the revenue department for land at the other sites," the official said.

4 दैनिक जागरण नई दिल्ली, 5 अक्टूबर, 2022 — दिल्ली जागरण

# मूर्ति विसर्जन के लिए सीआर पार्क और ग्रेटर कैलाश में अस्थायी तालाब तैयार

जासं, दक्षिणी दिल्ली: सीआर पार्क व ग्रेटर कैलाश में कृत्रिम तालाब बनकर तैयार हो चुके हैं। सीआर पार्क के डी-ब्लाक, बी-ब्लाक, कापरेटिव ग्राउंड व मेला ग्राउंड व सर भोजनयन घाट व ग्रेटर कैलाश पार्ट-2 के ई-ब्लाक आदि जगहों पर कृत्रिम घाट बनाए गए हैं। नेहरू प्लेस के निकट आस्था कुंज में 20 टैंकर पानी की क्षमता वाला कृत्रिम तालाब बनाया जा रहा है। स्थानीय विधायक का कहना है कि पिछली बार डीडीए का सहयोग न मिल पाने के कारण काफी समस्या हुई थी और अस्थायी तालाब नहीं बनाए जा सके थे। इस बार डीडीए के सहयोग से आस्था कुंज में भव्य तालाब बनाया गया है।

सतर्कता जरूरी » संपादकीय



नेहरू प्लेस स्थित आस्था कुंज पार्क में मूर्ति विसर्जन के लिए बनाया गया कृत्रिम तालाब • जागरण

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक भास्कर, नई दिल्ली, बुधवार 5 अक्टूबर, 2022 | 05

## टीबी मुक्त भारत अभियान पर उपराज्यपाल ने बैठक ली

# एलजी का निर्देश: अधिकारी 8 माह में टीबी को खत्म करने के लिए मिशन की तरह काम करें

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएम-टीबी एमबी) को लेकर दिल्ली में चल रहे कार्यों की उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को समीक्षा की। समीक्षा बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव, निगम के स्पेशल ऑफिसर, स्वास्थ्य सचिव, निगम कमिश्नर, स्वास्थ्य सचिव, संभागीय आयुक्त, आयुक्त खाद्य और नागरिक आपूर्ति और सचिव विद्युत शामिल थे। उन्होंने सभी अधिकारियों को आगामी 8 माह के भीतर टीबी को दिल्ली से खत्म करने के लिए एक मिशन की तरह काम करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों को तालमेल बनाकर काम करने के लिए कहा।

दिल्ली में टीबी मरीजों की निगरानी की स्थिति को लेकर उपराज्यपाल ने संतोष जताया है। उन्हें बताया गया कि दिल्ली में इलाज पर 50,815 रोगियों में से 95 प्रतिशत ने पंजीकृत के माध्यम से लाभ और सामुदायिक सहायता प्राप्त करने के लिए अपनाए जाने की सहमति दी थी। पीएम-टीबी एमबी अभियान के तहत सहायता में मुफ्त इलाज और दवाओं के अलावा टीबी रोगियों को प्रति माह 1000 रुपए प्रति माह की दर से पोषण संबंधी सहायता का प्रावधान शामिल है। उपराज्यपाल ने निर्देश दिया कि हर बार वितरण होने पर पोषण किट लेने वाले सभी लाभार्थियों की तस्वीरें ऑनलाइन अपलोड की जाएं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभियान में कोई रिसाव और पारदर्शिता से चल रहा है। उन्होंने अस्पताल, क्लीनिक एवं डिस्पेंसरी में दवाईयों एवं पोषण किट को वितरित करने का दिन निर्धारित करने के लिए कहा है, जिससे मरीजों को परेशानी न हो। उन्होंने इसकी शुरुआत जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एलजी सचिवालयए दिल्ली पुलिसए एमसीडीए एनडीएमसीए डीडीए आदि के अधिकारियों को निश्चय मित्र बनने और मरीजों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा है।

पंजाब केसरी
DELHI

# सौरभ भारद्वाज ने किया कृत्रिम घाटों का दौरा

**नई दिल्ली**, (पंजाब केसरी): आम आदमी पार्टी (आप) विधायक सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को सीआर पार्क और ग्रेटर कैलाश में बनाए गए कृत्रिम घाटों का दौरा किया। विधायक सौरभ भारद्वाज ने दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र बड़े पैमाने पर कृत्रिम घाट बनाने में मदद की है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मां दुर्गा की प्रतिमा का कृत्रिम तालाबों में ही विसर्जन सुनिश्चित करने के प्रशासन को निर्देश दिए हैं। यमुना की सफाई और मां दुर्गा के भक्तों को उनके धार्मिक दायित्वों को पूरा करने में कृत्रिम तालाब मदद करेंगे।

यमुना में प्रदूषण को रोकने के लिए जलबोर्ड के उपाध्यक्ष के निर्देशों पर कृत्रिम घाट बनाए गए हैं। अस्थाई घाट स्थिरता के सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करते हैं क्योंकि वे यमुना तक पहुंचने और नदी की प्राकृतिक पारिस्थितिकी में बाधा डालने वाले मां दुर्गा की मूर्तियों के निर्माण में प्रयुक्त रसायनों और अन्य सामग्रियों को रोक लेंगे। जलबोर्ड दुर्गा पूजा समारोह के दौरान यमुना को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए काम कर रहा है। सीआर पार्क को शहर में दुर्गा पूजा समारोहों का केन्द्र माना जाता है। सौरभ भारद्वाज ने इस बार सुनिश्चित किया है कि मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन यमुना में नहीं हो और अधिकारियों ने इसके लिए दुर्गा पूजा पंडालों के पास कृत्रिम घाट बनाए हैं। जलबोर्ड उपाध्यक्ष ने डीडीए को मां दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के लिए नेहरू प्लेस के पास आस्था कुंज में विसर्जन घाटों की खुदाई की अनुमति देने के लिए कहा, जिस पर डीडीए ने सहमति दी।

नई दिल्ली । बुधवार • 5 अक्टूबर • 2022 राष्ट्रीय सहारा

# कृत्रिम तालाबों में ही विसर्जन सुनिश्चित कराए प्रशासन

**आप विधायक ने किया सीआर पार्क और ग्रेटर कैलाश में बनाए गए कृत्रिम घाटों का दौरा**

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने सीआर पार्क और ग्रेटर कैलाश में बनाए गए कृत्रिम घाटों का मंगलवार को दौरा किया। विधायक सौरभ भारद्वाज ने दक्षिणी दिल्ली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कृत्रिम घाट बनाने में मदद की है। विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मां दुर्गा की प्रतिमा का कृत्रिम तालाबों में ही विसर्जन सुनिश्चित करने के प्रशासन को निर्देश दिए है। यमुना नदी की सफाई और मां दुर्गा के भक्तों को उनके धार्मिक दायित्वों को पूरा करने में कृत्रिम तालाब मदद करेंगे।

यमुना नदी में प्रदूषण रोकने के लिए दिल्ली बोर्ड के उपाध्यक्ष के निर्देशन में कृत्रिम घाट बनाए गए हैं। अस्थाई घाट स्थिरता के सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करते हैं क्योंकि वे यमुना तक पहुंचने और नदी की प्राकृतिक पारिस्थितिकी में बाधा डालने वाले मां दुर्गा की मूर्तियों के निर्माण में प्रयुक्त रसायनों और अन्य सामग्रियों को रोक लेंगे।सीआर पार्क को शहर में दुर्गा पूजा समारोहों का केंद्र माना जाता है। विधायक सौरभ भारद्वाज ने इस बार सुनिश्चित किया है कि मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन यमुना में नहीं हो और अधिकारियों ने इसके लिए दुर्गा पूजा पंडालों के पास कृत्रिम घाट बनाए हैं। डीजेबी के उपाध्यक्ष ने दिल्ली विकास प्राधिकरण को मां दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के लिए नेहरू प्लेस के पास आस्था कुंज में विसर्जन घाटों की खुदाई की अनुमति देने को कहा, जिस पर डीडीए ने सहमति दी। पिछले साल मूर्ति विसर्जन के लिए कृत्रिम घाटों की खुदाई के वास्ते डीडीए की ओर से कोई सहयोग नहीं मिला था। दक्षिण दिल्ली के अन्य दुर्गा पूजा पंडालों से मूर्ति विसर्जन के लिए आस्था कुंज में एक बड़े आकार का कृत्रिम घाट बनाया गया है। यहां कृत्रिम घाट और बनाना संभव नहीं था। आस्था कुंज इन सभी कृत्रिम तालाबों में सबसे बड़ा तालाब है, जोकि लगभग 15-20 पानी के टैंकरों की क्षमता रखता है। इसमें बड़ी मूर्तियां भी आसानी से विसर्जित की जा सकेंगी। विसर्जन के लिए स्थानीय दुर्गा पूजा समितियों को अलग-अलग समय दिया गया है ताकि सभी श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के विसर्जन कर सकें।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नई दिल्ली। बृहस्पतिवार • 6 अक्टूबर • 2022 राष्ट्रीय सहारा -DATED-

# एमसीडी में छह हजार करोड़ के 'घोटाले' की सीबीआई जांच कराएं : सिसोदिया

**नई दिल्ली (भाषा)** । उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में छह हजार करोड़ रुपए के कथित घोटाले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है।

सिसोदिया ने इस संबंध में बुधवार को उपराज्यपाल को एक पत्र लिखकर यह मांग की। उन्होंने उपराज्यपाल पर सरकार के कामों में 'हस्तक्षेप' करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार के खिलाफ 'फर्जी जांच' कराने के लिए भी उन पर निशाना साधा। उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उन्होंने दो माह उपराज्यपाल को एमसीडी में भ्रष्टाचार के बारे में अवगत कराया था, लेकिन उन्होंने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की।

सिसोदिया ने कहा, 'मैं आपका ध्यान एमसीडी में छह हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के संबंध में अपने पहले के पत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। आपने उस मामले की सीबीआई जांच का आदेश नहीं दिया जो मैंने दो महीने पहले उठाया था। लेकिन, आप सरकार के कामों को रोकने के लिए फर्जी मामलों की जांच के आदेश देकर एक नया

**उप मुख्यमंत्री ने उप राज्यपाल को लिखा पत्र**

**दो माह पहले उपराज्यपाल को एमसीडी में भ्रष्टाचार के बारे में अवगत कराया था, पर नहीं हुई कोई कार्रवाई**

कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं लेकिन आप एमसीडी में भ्रष्टाचार नहीं देख पा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने उपराज्यपाल को हिंदी में लिखे पत्र में कहा, 'आप जनता के मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय निर्वाचित सरकार के कार्यों में अवैध रूप से हस्तक्षेप कर रहे हैं। मैं आपसे एमसीडी घोटाले की सीबीआई जांच का आदेश देने का अनुरोध करता हूं।' इसके अलावा, उन्होंने कहा कि संविधान ने उपराज्यपाल को दिल्ली पुलिस के कामकाज को सुव्यवस्थित करने की जिम्मेदारी सौंपी है, लेकिन शहर में अपराध बढ रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री ने उपराज्यपाल सक्सेना को यह भी याद दिलाने की कोशिश की कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के प्रमुख होने के नाते उनके पास इसे प्रबंधित करनें की जिम्मेदारी है, लेकिन इसकी जमीन पर माफिया का कब्जा हो रहा है। सिसोदिया ने कहा, 'यदि आप (उपराज्यपाल) दिल्ली में दुष्कर्मों की घटनाओं को रोकने और अपराधों को कम करने में ऐसी ही समान रुचि दिखाएंगे, तो लोग केवल दो से चार महीनों में राहत महसूस करेंगे। यदि आप जमीनों को माफियाओं से मुक्त करवाते हैं, तो इसका उपयोग जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कि स्कूल और अस्पताल निर्माण के लिए किया जा सकता है।'

अमर उजाला

# फर्जी केस दर्ज करा रहे एलजी

## उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर लगाया आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। उपमुख्यमंत्री ने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि वे आप नेताओं के खिलाफ फर्जी केस दर्ज करवा रहे हैं।

उन्होंने एलजी से राजनीतिक पक्षपात से ऊपर उठकर एमसीडी के भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच कराने की मांग की है।

सिसोदिया ने कहा कि एमसीडी के राजस्व नुकसान की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश दिल्ली सरकार ने करीब दो माह पहले की थी। जांच की छोड़िए, उपराज्यपाल ने पत्र का जवाब देना भी ठीक नहीं समझा। इसका सीधा मतलब है कि उनको एमसीडी में भ्रष्टाचार दिखाई नहीं पड़ रहा है। इसकी जगह दिल्ली में चुनी हुई सरकार के खिलाफ वह दिन-रात फर्जी मामलों में जांच के आदेश दे रहे हैं, जो बेबुनियाद, मनगढ़ंत और तथ्यों



से परे हैं। शराब, स्कूल, अस्पताल, बस के फर्जी मामलों की जांच में अभी तक कुछ भी नहीं मिला है।

**अपराध का ग्राफ बढ़ा :** सिसोदिया ने कहा कि संविधान के तहत उपराज्यपाल के रूप में आपको जिम्मेदारी मिली है कि दिल्ली में पुलिस व्यवस्था ठीक करें। दिल्ली में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं। अगर इसे कम करने पर इतनी तन्मयता से काम किया जाता तो दिल्ली की जनता को बड़ी राहत मिलने लगेगी। संविधान ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधीन आने वाली जमीन के बेहतर प्रबंधन की जिम्मेदारी दी है। जबकि डीडीए की जमीन भू माफिया के कब्जे में है। अगर थोड़ी मेहनत इस दिशा में होती तो स्कूल और अस्पताल के लिए जमीन मिल जाती। आखिर में उपमुख्यमंत्री ने लिखा कि उपराज्यपाल का ध्यान जनता से जुड़े इन मुद्दों की तरफ नहीं है।

### उपमुख्यमंत्री का पत्र आप की कुंठा दर्शाती है : भाजपा

उपमुख्यमंत्री के एलजी को लिखे पत्र को भाजपा ने आम आदमी पार्टी की कुंठा बताया। भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि बिजली सब्सिडी स्कीम आम आदमी पार्टी की राजनीतिक फ्लैगशिप स्कीम है और कल इस स्कीम में भ्रष्टाचार की बात सामने आने से आम आदमी पार्टी के चेहरे से ईमानदारी का नकाब उतर गया। ब्यूरो

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
NEW DELHI | THURSDAY, 6 OCTOBER, 2022

-----DATED-----

ASKS LG TO STOP 'INTERFERING' IN GOVT WORK

# Dy CM demands CBI probe into Rs 6,000 crore 'scam' in MCD

OUR CORRESPONDENT

**NEW DELHI:** Deputy Chief Minister Manish Sisodia on Wednesday wrote to Lieutenant Governor V K Saxena demanding a CBI probe into the alleged Rs 6,000 crore scam in the Municipal Corporation of Delhi (MCD).

Sisodia also hit out at the LG for "interfering" in the Delhi government's work and ordering probes into "fake cases" against the Arvind Kejriwal-led dispensation.

The deputy chief minister alleged that he had apprised the LG about corruption in the MCD two months ago, but he did not initiate any measure.

Let alone processing the request, the LG didn't even acknowledge the letter, he claimed.

"I want to draw your attention towards my earlier letter in connection with the Rs 6,000 crore corruption in the MCD. You did not order a CBI probe into the matter which I raised two months ago. You are setting a new record in ordering probes into fake cases in order to stop the government's work but you are unable to see corruption in the MCD," Sisodia wrote in the letter in Hindi.

"You are illegally interfering in the work of the elected government instead of paying attention to public issues... I request you to order a CBI probe into the MCD scam," he said.

Further, he said the Constitution has entrusted the LG with the responsibility of streamlining the Delhi Police's functioning, but crime in the city has been "on the rise".

He said the LG, being the chief of the Delhi Development Authority (DDA), has the responsibility of managing it but alleged that the mafia occupies its land at several places.



"If you (the LG) show the same interest in stopping rapes and reducing crimes in Delhi, the people will feel relieved in just two to four months. If you get the land freed from the mafia, it can be used for public welfare schemes such as schools and hospitals, the deputy chief minister said.

Sisodia also alleged that the LG has ordered a probe into the free electricity scheme but it will bear no fruit just like the officials "found no wrongdoings" in their investigations into the alleged irregularities in the excise policy and the procurement of buses by the Delhi Transport Corporation.

Sisodia further alleged in the letter that the LG got his house raided by the CBI but they couldn't find anything.

He said all the investigations ordered by the LG against the democratically elected government of Delhi are bogus and baseless. They are based on fabricated facts because of which nothing came out, he added.

"You and the Bharatiya Janata Party created so much ruckus about the so-called liquor scam in Delhi together. You directed the CBI to raid my house. But what came out of it? Nothing, he wrote in the letter.

He said the LG also initiated an investigation against the democratically elected government of Delhi for allegedly committing a scam in the construction of schools but nothing came out in that investigation either. "Above are just a few examples. The reality is that there is a word going around in every department to either produce anything genuine or fake against the democratically elected government as per the diktat of the LG or else be ready to get suspended by the LG.

"The Delhi government is honest. We fear no one, no investigation can shake our spirit," Sisodia wrote in the letter.

The deputy CM requested Saxena to focus on the "real scam". "I request you to rise above petty politics and immediately order a CBI inquiry into the matter of Rs 6,000 crore corruption in the MCD," he said.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी DELHI 6 अक्तूबर, 2022 ▶ गुरुवार -------DATED-------

आरोप-प्रत्यारोप

## सिसोदिया ने एमसीडी में घोटाले की जांच को लेकर लिखा एलजी को पत्र

# एलजी व दिल्ली सरकार के बीच फिर बढ़ी तल्खी

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): राजधानी में एलजी व दिल्ली सरकार के बीच रोजाना तनातनी बढ़ती जा रही है। विभिन्न मुद्दों को लेकर एक दूसरे के सामने डटे रहने वाले एलजी वीके सक्सेना व दिल्ली सरकार बुधवार को एक बार फिर नये मामले के चलते आमने-सामने आ गये। इस बार दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नगर निगम में छह हजार करोड़ के टोल टैक्स घोटाले की सीबीआई से जांच कराने को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखा है। एलजी ने पत्र की शुरुआत विजयदशमी की शुभकामनाओं के साथ करते हुए कहा कि नगर निगम में भाजपा शासन के दौरान हुए एक घोटाले की वजह से नगर निगम को 6000 करोड़ का नुकसान हो चुका है। सिसोदिया ने कि मैंने 2 महीने पहले आपसे इस मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी लेकिन मुझे बहुत दुख हो रहा है कि आपने इतने बड़े घोटाले पर सीबीआई जांच तो दूर आपने इस पत्र की पावती तक देना उचित नहीं समझा। आपको शायद इतने तथ्य सामने होने के बावजूद भी इस मामले में भ्रष्टाचार दिखाई नहीं पड़ रहा है क्योंकि



विनय कुमार सक्सेना



मनीष सिसोदिया

● उपमुख्यमंत्री ने एमसीडी में 6000 करोड़ के टैक्स घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की

यह भ्रष्टाचार भाजपा ने किया है। हालांकि आपने अभी तक दिल्ली की चुनी हुई सरकार के खिलाफ जितने भी जांच के आदेश दिए हैं, वे सब बेबुनियाद हैं और मनगढंत तथ्यों पर आधारित हैं इसलिए किसी मामले में कुछ नहीं निकला है। अब आपने घोटाला होने की बात कहकर मुफ्त बिजली योजना पर भी जांच बिठा दी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को एलजी साहब की ओर से आदेश है कि जल्दी से चुनी हुई सरकार के खिलाफ सच्चा-झूठा कुछ भी केस भेजो नहीं तो एलजी साहब सस्पेंड कर देंगे। संविधान के तहत एलजी के रूप में आपको जिम्मेदारी मिली है कि आप दिल्ली में पुलिस व्यवस्था ठीक करें। डीडीए के मुखिया के रूप में भू माफियाओं द्वारा कब्जायी गई डीडीए की जमीन को खाली करवायें तो दिल्ली में स्कूल-अस्पतालों व अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए बहुत जमीन मिल जायेगी लेकिन आपका ध्यान जनता से जुड़े इन मुद्दों की ओर नहीं नहीं है। इसके उलट आप दिन-रात दिल्ली की चुनी हुई सरकार के काम में लगातार हस्तक्षेप कर रहे हैं और झूठे मामलों में दिल्ली सरकार को बदनाम करने के लिए रोज कोई न कोई जांच बिठाने का नाटक कर रहे हैं। हम किसी भी जांच से नहीं डरते लेकिन आप से अनुरोध है कि आप असली घोटाले से मुंह मत मोड़ो। मैंने आपको दो महीने पहले जो दिल्ली नगर निगम के भ्रष्टाचार के संबंध में पत्र लिखा था। अब तक जांच बिठा देना चाहिए।

## सिसोदिया का पत्र 'आप' में पैदा हुई कुंठा का प्रमाण



नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा उपराज्यपाल को लिखा पत्र उनकी सरकार के नित खुलते घोटालों से आम आदमी पार्टी में पैदा हुई कुंठा का प्रमाण है। बिजली सब्सिडी स्कीम आम आदमी पार्टी की राजनीतिक फ्लैगशिप स्कीम है और इस स्कीम में अब भ्रष्टाचार की बात सामने आने से आम आदमी पार्टी के चेहरे से ईमानदारी का नकाब उतर गया है। दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता साफ छवि के नाम पर लोगों को भ्रमित करते रहे हैं और गत दिनों यह छवि भी धूमिल हो चुकी है। दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जनता द्वारा दिये गये शासन के अवसर का दुरुपयोग राजनीतिक विस्तार के लिए किया गया। रोज-रोज खुल रहे भ्रष्टाचार के मामलों के कारण ही आम आदमी पार्टी के नेता रोजाना उपराज्यपाल पर अनर्गल आरोप लगाते रहते हैं।